1

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,

डिप्लोमा विंग, एयरपोर्ट बायपास रोड,
भोपाल – 462 033.
दूरभाष नं. 0755–2583627/2583673 फैक्स नं. 2583656 E-Mail: diplomawing@rgpv.ac.in

क्रमॉक/रागांप्रौविवि/शैक्ष/26/ 516 /भोपाल, दिनॉक 6/4/26

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय तथा अशासकीय इंजी0 एवं फार्मेसी महाविद्यालय,
म.प्र.

विषयः– निर्धारित अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात भी डिप्लोमा उत्तीर्ण न होने के परिणामस्वरूप एनएफटी के दायरे में आये विद्यार्थियो को डिप्लोमा उत्तीर्ण करने हेतु एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान करने विषयक ।

000

अतिमहत्वपूर्ण तत्काल

राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल से सम्बद्ध प्रदेश के समस्त पोली0 महाविद्यालयो के विभिन्न अवधि के पाठ्यक्रमों में निम्न वर्णित वर्षो में प्रवेशित ऐसे भूतपूर्व विद्यार्थी जो कि निर्धारित अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात भी डिप्लोमा उत्तीर्ण न होने के परिणामस्वरूप एनएफटी के दायरे में आ गये हैं और वे अपना डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण नही कर सके है, उन्हें उनका डिप्लोमा उत्तीर्ण करने हेतु एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान किया जा रहा है ।

(अ) पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न अवधि के पाठ्यक्रम तथा उन पाठ्यक्रमो में विभिन्न वर्षो में प्रवेशित विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है, जिन्हें उपरोक्त एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान किया जाना है :–

1. दो वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2020 तक हुआ है ।
2. तीन वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2018 तक हुआ है।
3. चार वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2017 तक हुआ है।
4. चार वर्षीय अंशकालीन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2017 तक हुआ है।
5. दो वर्षीय फार्मेसी पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2020 तक हुआ है ।

(ब) अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के इच्छुक तथा पात्र विद्यार्थी पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली निम्न परीक्षाओ में किसी एक ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगें :–

1. डिप्लोमा इंजी0 के दो वर्षीय, तीन वर्षीय, चार वर्षीय एवं चार वर्षीय अशंकालीन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियो के लिये आयोजित परीक्षा–मई/जून–2026 या दिसम्बर –2026 में से कोई भी एक परीक्षा ।
2. डिप्लोमा फार्मेसी के लिये आयोजित परीक्षा–अप्रैल–2026 अथवा अगस्त–2026

समस्त महाविद्यालय सम्बंधितों को यह अवगत करावें कि, इन विद्यार्थियों को उपरोक्त एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात किसी अन्य अवसर की पात्रता नहीं होगी, तथा उनका अनुरोध किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जावेंगा । इस आशय का एक शपथ पत्र 100/–रूपये के स्टाप पेपर पर विधार्थियों को प्रस्तुत करना होगा । महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करें कि ऐसे सम्बंधित विधार्थियों को प्रदान किये जाने वाले अवसरों की जानकारी देने हेतु संस्था के नोटिस बोर्ड पर सूचना पत्र की प्रति चस्पा की जावे, तथा सम्बंधित विद्यार्थियों को पंजीकृत मोबाईल नं0 एवं ई–मेल माध्यम से भी सूचित किया जावे । तत्सम्बन्ध में स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति भी प्रकाशित करवायें तथा विद्यार्थियों के सोशल मीडिया ग्रुप और अन्य संसाधन से समुचित प्रचार प्रसार करें ।

संलग्नः–शपथ–पत्र का प्रारूप ।

6/4/26

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल । 6/4/26

पृ0क्रमॉक/रागांप्रौविवि/शैक्ष/26/ 517 /भोपाल, दिनॉक

प्रतिलिपिः–1. निज सचिव माननीय कुलपति महोदय,राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,गांधी नगर, भोपाल ।
2. निज सहायक आयुक्त,मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा संचालनालय,चौथी मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
3. सीईओ, क्रिप्स, श्यामलाहिल्स, भोपाल ।
4. प्रभारी अधिकारी गोपनीय/परीक्षा/कम्प्यूटर उपविभाग राजीव गांधी प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डिप्लोमा विंग भोपाल ।

की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

6/4/26

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल ।